भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 710
दिनांक 21 नवम्बर, 2019 / 30 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

काठमांडू और बागडोगरा के बीच उड़ान

710. श्री राजू बिष्ट :

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दार्जिलिंग क्षेत्र से नेपाल और इसके विपरीत भारी यात्री यातायात के मद्देनजर सरकार काठमांडू और बागडोगरा के बीच उड़ानें शुरू करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार की इन दोनों शहरों के बीच स्थानीय लोगों की यात्रा को सुविधजनक बनाने के लिए दार्जिलिंग को बागडोगरा से और कलिमपोंग को बागडोगरा से जोड़ने वाली एक नियमित हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करने की कोई योजनाएं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): एयरलाइनें द्विपक्षीय करारों के दायरे के भीतर जिस किसी बाजार और नेटवर्क में सेवा और प्रचालन करने की इच्छुक हों, उनका चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसलिए, यातायात मांग और एयरलाइनों की वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर विनिर्दिष्ट स्थानों के लिए हवाई सेवाएं मुहैया कराना एयरलाइनों पर है और सरकार की इस मामले में कोई भूमिका नहीं है। यद्यपि काठमांडू भारतीय वाहकों के लिए 'प्वाइंट ऑफ कॉल' के रूप में उपलब्ध है और भारतीय वाहक समग्र क्षमता अहर्ताओं के भीतर बागडोगरा से काठमांडू के लिए प्रचालन कर सकते हैं, किसी भी एयरलाइन की और से काठमांडू और बागडोगरा के बीच उड़ानें आरंभ करने के संबंध में कोई प्रस्ताव/सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ग): फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।